## खबर संक्षेप

### हमले का आरोपी जेल भेजा

**पानीपत।** आठ मरला चौकी पुलिस ने गोहाना रोड पर एफसीआई गोदाम के पास छात्र आदित्य, इसके पिता सुरेंद्र व चाचा सुंदर पर जानलेवा हमला करने मामले में फरार चल रहे चौथे आरोपी रोहित निवासी विकास नगर, पानीपत को गिरफ्तार किया है। सब इंस्पेक्टर जितेंद्र ने बताया कि आठ मरला चौकी में महराणा गांव निवासी सुंदर की शिकायत पर केस दर्ज है। वहीं आरोपी को कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

### मारपीट का आरोपी पकड़ा, केस दर्ज

**पानीपत।** थाना तहसील कैंप पुलिस टीम ने भैसवाल गांव के नजदीक स्थित वेस्ट गोदाम के मालिक व उसके पड़ोसी से मारपीट व चोट मारने के मामले में तीसरे आरोपी अजय उर्फ बिल्लू निवासी सिद्धार्थ नगर, पानीपत को गिरफ्तार किया है। थाना तहसील कैंप प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि इस मामले में थाना तहसील कैंप में रवि पुत्र राममेहर निवासी गांव कुटानी की शिकायत पर केस दर्ज है।

### नेस्ले कंपनी परिसर में पौधे रोपे

**पानीपत।** समालखा में नेस्ले कंपनी के कर्मचारियों के द्वारा हरियाणा ग्रुप नेस्ले के तत्वावधान में पौधरोपण अभियान के तहत पांच त्रिवेणी और 15 फलदार छायादार पौधे नेस्ले क्षेत्र में लगाए गए। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर नेस्ले कंपनी मैनेजर हितेश जैन ने शिरकत की। उन्होंने त्रिवेणी लगाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। हितेश जैन जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छ हवा व शुद्ध ऑक्सीजन के लिए हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने होंगे। मौके पर रोहताश कश्यप, सुरजीत, बिजेंद्र, रोहतास, अजीत, पंकज, दिनेश, विनोद, राकेश, संदीप, प्रदीप, मनोज, रमेश मौजूद रहे।

### सुप्रीम कोर्ट में स्पेशल लोक अदालत 29 से

**पानीपत।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव मीनू ने बताया कि लोगों की सुविधा के लिए सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली में 29 जुलाई से तीन अगस्त तक स्पेशल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। लोगों को आह्वान किया की किसी का मुकदमा सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है और वह अपने केस का निपटारा लोक अदालत के माध्यम से करवाना चाहते है तो वह जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण पानीपत के हेल्पलाइन नंबर 0180-2640222 व दूरभाष नंबर 9991190311 अथवा ईमेल डीएलएसएपीएनपीएटजीमेलडॉट कॉम के माध्यम से संपर्क कर सकते है।

### बाल भवन में समर कैंप का शुभारंभ आज

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया के निर्देश पर पानीपत बाल भवन में ग्रीष्मकालीन शिविर 13 जून से शुरू होने जा रहा है। यह जानकारी जिला बाल कल्याण अधिकारी रितु राठी ने देते हुए बताया कि पहली बार बाल भवन के सौजन्य से ही ग्रीष्मकालीन शिविर की कक्षाएं बाल भवन के साथ साथ पानीपत में शिव नगर स्थित बाल श्रमिक पुनर्वास केंद्र व मॉडल टाउन स्थित परिकुंज में भी लगाई जाएगी।

# कीटनाशक दवाइयों का अंधाधुंध प्रयोग न करें किसान, धान की गुणवत्ता प्रभावित होती है, बाजार में दाम कम मिलते हैं, चावल का विदेशों में निर्यात प्रभावित होता है

## कृषि विज्ञान केंद्र ऊझा में धान की उत्पादन तकनीक व वर्तमान परिदृश्य पर हुई किसान गोष्ठी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत





पानीपत। कृषि विज्ञान केंद्र पर किसानों को संबोधित करते हुए धान विशेषज्ञ जेसिका व धान की सीधी बिजाई का डेमो देखते हुए किसान। फोटो :हरिभूमि

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, हिसार द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र गांव उझा में धान उत्पादन की तकनीक व वर्तमान परिदृश्य पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में डॉक्टर संतोष कुमार सिंह, वरिष्ठ कृषि विशेषज्ञ यूएस एंबेसी, अमिलिया ग्रेटॉक अंतर्राष्ट्रीय व्यापार विश्लेषक व जेसिका, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार विश्लेषक ने किसानों, कृषि वैज्ञानिकों, विस्तार कार्यकर्ताओं आदि के साथ विस्तार से चर्चा की। गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य धान की उत्पादन तकनीक व वर्तमान परिदृश्य पर चर्चा करना था। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ संयोजक डॉक्टर राजबीर गर्ग ने धान गेहूं फसल चक्र के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि यह फसल चक्र केवल पानीपत जिले का ही नहीं बल्कि हरियाणा प्रांत का मुख्य फसल चक्र है, यहां किसान मुख्य तौर पर बासमती धान व गैर बासमती धान की खेती करते हैं। कृषि विज्ञान केंद्र व कृषि विभाग द्वारा फसल विविधीकरण के लिए काफी प्रयास किया गया, फिर भी पानीपत जिले के किसान धान और गेहूं फसल चक्र को ज्यादा महत्व देते हैं क्योंकि इस फसल चक्र में किसानों को आश्वासित लाभ के साथ-साथ बेचने में भी किसी तरह की कोई समस्या नहीं आती। उन्होंने संसाधन संरक्षण तकनीकों जैसे धान की सीधी बिजाई व फसल अवशेष प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि धान की सीधी बिजाई में न केवल पानी की बचत होती है बल्कि इसके साथ-साथ भूमिगत जल स्तर में भी बढ़ोतरी होती है। उन्होंने किसानों से अपील की कि इस तकनीक को ज्यादा से ज्यादा अपनाए। डॉक्टर संतोष कुमार सिंह, प्रतिनिधि, यू एस एंबेसी ने बताया कि कई बार धान की फसल में अंधाधुंध कीटनाशकों का स्प्रे करने से उसके अवशेष चावल में रह जाते हैं जिसकी वजह से विदेश में निर्यातित धान के खेप वापिस आ जाते हैं। जिसका सीधा सीधा असर धान के भाव पर पड़ता है। उन्होंने किसानों से अपील है कि वे वैज्ञानिकों के परामर्श के आधार पर ही कीटनाशकों का प्रयोग सही मात्रा में, सही समय पर, व सही कीड़े के लिए उपयोग करें। आने वाले समय में किसानों को समूह में खेती की तरफ बढन्ना पड़ेगा व बाजार की मांग के हिसाब से फसलों का चयन करना पड़ेगा। इस अवसर पर अमिलिया ग्रेटॉक और जेसिका, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार विश्लेषक के बताया कि विश्व में खाद्य सुरक्षा के लिए धान की खेती का विशेष महत्व है। धान की खेती पर उनके विभिन्न देशों के अनुभवों को साझा किया।

### कृषि कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के एसडीओ डॉक्टर देवेन्द्र कुहाड़ ने विभाग की स्कीमों के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, फसल अवशेष प्रबंधन, मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर विशेष बल दिया। उन्होंने सभी किसानों से अपील की कि स्कीमों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। इस अवसर पर प्रगतिशील किसान प्रीतम सिंह ने बताया कि जिले में धान की खेती का क्षेत्रफल ज्यादा होने के पीछे मुख्य कारण यह है कि यहां का भौगोलिक वातावरण इस फसल के उत्पादन के लिए काफी अच्छा है। उन्होंने बासमती धान की छोटी अवधि की किस्मों को अपनाने पर विशेष बल दिया, क्योंकि इसमें पानी की विशेष बचत होती है। इस अवसर पर सुरेश बडोली ने बताया कि हम धान की छोटी अवधि की किस्म को लगाकर फसल अवशेषों का आसानी से प्रबंध कर सकते हैं, इसके साथ-साथ हमें फसल विविधीकरण को भी अपनाना पड़ेगा, ताकि हमारे किसान भाइयों की आमदनी में इजाफा हो सके। इस अवसर पर डॉ सतपाल, डॉ मोहित सहल, डॉ कुलदीप डूडी, डॉ राजेश, डॉक्टर सुनील, डॉ राधेश्याम गुप्ता, राजकुमार, बलविंदर सिंह, रविंद्र राठी, संदीप त्यागी, महावीर भारद्वाज, विजेंद्र, भूतपूर्व सरपंच किरण गोला खुर्द ने भी अपने विचार समझ दिए।

## पुलिस से जुड़ी समस्या का हल करने के लिए विभाग तत्पर : एसपी

# समाधान शिविरों में गैर हाजिर रहने वाले अधिकारियों पर होगी सख्त कार्रवाई

समाधान शिविर के तीसरे दिन 112 समस्याएं दर्ज करवाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया, पुलिस अधीक्षक अजीत शेखावत जनसुनवाई करते हुए। फोटो :हरिभूमि

हरियाणा सरकार के दिशा निर्देश अनुसार शुरू किये जा रहे समाधान शिविर में बुधवार को बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी समस्याओं का निदान करने को लेकर शिरकत की। समाधान शिविर अन्य दिनों की तरह ठीक 9 बजे प्रारंभ होकर 11 बजे सम्पन्न हुआ। शिविर की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समय पर शिविर में पहुंचे व उनके विभाग से संबंधित मिलने वाली समस्याओं का एक निश्चित अवधि में समाधान करें। समाधान शिविरों में गैर हाजिर रहने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई होगी। जिला सचिवालय में आयोजित किये गए समाधान शिविर में बुधवार को तीसरे दिन बड़ी संख्या में शिकायत कर्ता पहुंचे उनकी शिकायतों का एक एक करके उपायुक्त ने अन्य विभागों के अधिकारियों के सहयोग से निदान करने का प्रयास किया। उपायुक्त ने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त शासन उनकी प्राथमिकता है किसी भी कार्यालय में अगर भ्रष्टाचार संबंधित कोई भी शिकायत मिलती है तो उसके खिलाफ ठोस कदम उठाया जाएगा। इस समाधान शिविर में 112 समस्याएं विभिन्न नागरिकों द्वारा रखी गई। शिविर में पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने कहा कि विभाग से जुड़ी समस्याओं के प्रति वे गंभीर है व उन समस्याओं का तत्परता से निदान करेंगे। उपायुक्त ने कहा कि सभी समस्याओं का समाधान निश्चित रूप से होगा बहुत सी ऐसी भी समस्याएं है जिनका समाधान होने में समय लगता है। शिविरों में मुख्य रूप से बीपीएल कार्ड, प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र से संबंधित समस्याएं आई।

### जनता से मधुर व्यवहार करें अधिकारी : डीसी

डीसी डॉ. कहा कि इन समाधान शिविरों का समय 9 से 11 बजे तक रखा गया है। इस दौरान सभी अधिकारी मौके पर उपस्थित रहेंगे व उनका एक ही ध्येय होना चाहिए कि जो समस्याएं लेकर नागरिक पहुंच रहे है उनका त्वरित समाधान निकले। शिविर में उपायुक्त ने अधिकारियों को हिदायत दी कि वे समाधान शिविरों को गंभीरता से ले। डीसी ने शिविर में उन समस्याओं की समीक्षा भी की जो दो दिन पूर्व विभिन्न शिकायतकर्ताओं द्वारा रखी गई थी। उपायुक्त ने नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए अधिकारियों से कहा कि सभी अधिकारी शिकायतकर्ताओं से मधुरता से बात करें व उनकी समस्या का निदान करने का प्रयास करें। शिविर में पहुंची सत्य कुमारी ने सामान्य अस्पताल में कैंटीन अलाट करने की प्रार्थना की। राजाखेड़ी के कुलदीप ने लाल डोरे की प्रॉपर्टी आईडी का रकबा दुरुस्त करने की अपील की। शिकायत कर्ता काजल ने उपायुक्त से जच्चा बच्चा योजना के तहत लाभ दिलवाने का अनुरोध किया। कुलवंत कौर ने परिवार पहचान पत्र के संदर्भ में अपनी अपील की। इसी कड़ी में ऊझा के रामभज ने मैरिज प्रमाण पत्र की खामियों को दुरुस्त करने की अपील की।

### पुलिस कप्तान ने की जनसुनवाई

पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने कहा कि उनके विभाग से जुड़ी सभी समस्याओं का तत्परता से निदान किया जाएगा। उन्होंने नागरिकों द्वारा शिविर में रखी गई समस्याओं पर संज्ञान लेने का आश्वासन दिया। समाधान शिविर में पहुंचे नागरिकों की समस्याओं का सभागार में निदान किया गया। इस मौके पर निगम कमिश्नर साहिल गुप्ता, एसडीएम मनदीप सिंह, सीटीएम टीनू पोसवाल, सीईओ जिला परिषद गौरव कुमार के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे

# प्रदेश में जमाबंदी पोर्टल 17 जून तक बंद रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

प्रदेश सरकार के राजस्व विभाग का जमाबंदी पोर्टल शुक्रवार से लेकर सोमवार तक बंद रहेगा। इसके चलते प्रदेश भर में जमाबंदी पोर्टल से जुड़ी सेवाएं स्थगित रहेंगी। इससे न तो संपत्तियों के पंजीकरण के लिए टोकन को बुक कराया जा सकता है और न ही इंतकाल, जमाबंदी की नकल इत्यादि निकाली जा सकती है। जमाबंदी डॉट एनआईसी डॉट इन का ये पोर्टल 14 जून की शाम छह बजे से लेकर 17 जून रात 11 बजे तक बंद रहेगा। विभाग की ओर से इसके बंद होने का कारण निर्धारित रखरखाव बताया जा रहा है। जिससे ऑनलाइन सेवाएं अस्थायी रूप से अनुपलब्ध रहेंगी। हालांकि इस असुविधा के लिए खेद का एक संदेश विभाग के पोर्टल पर भी दशार्या जा रहा है। पानीपत जिला की पांच तहसीलों पानीपत, इसराना, मतलौडा, समालखा, बापौली में रोजाना 100 से ज्यादा संपत्तियों के पंजीकरण होते हैं। इन पंजीकरण से पहले संपत्ति मालिकों को इसी पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण का समय लेना पड़ता है। जिससे आम भाषा में टोकन बुक कराया जाना कहा जाता है। संपत्ति के अभिलेख का विवरण इस पर दर्ज करवाने के बाद पंजीकरण के लिए समय और तिथि मिल जाती है। इसके अलावा इस पोर्टल पर संपत्तियों की जमाबंदी, फरद, नकल इत्यादि भी निकाली जा सकती हैं। ज्यादातार लोग सरकार की इस ऑनलाइन सेवा का लाभ अब घर बैठे ही उठा रहे हैं।

जिससे तहसील में अब कम भीड़ लगती है। अब चार दिन पोर्टल बंद रहने की वजह से प्रदेश भर के लोगों के ये काम रूक जाएंगे। इस बारे में तहसील एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों का कहना है कि ये पोर्टल मुख्यालय से ही संचालित है। जिसमें प्रदेश भर की संपत्तियों का रिकॉर्ड दर्ज है।



### पानीपत में क्राइम रेट जीरो करेगी पुलिस : शेखावत

**पानीपत।** पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने क्राइम कंट्रोल के संबंध में सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों, थाना प्रबंधक, सीआईए प्रभारी व चौकी इंचार्जों के साथ मंगलवार को जिला सचिवालय के तृतीय तल पर स्थित पुलिस विभाग के सभागार में अपराध गोष्ठी का आयोजन कर कानून एवं व्यवस्था व दर्ज मुकदमों में की जा रही कार्रवाई की समीक्षा लेकर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए सख्त निर्देश दिए। वही, अपराध गोष्ठी में उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय संदीप कुमार, उप पुलिस अधीक्षक सतीश कुमार गौतम, उप पुलिस अधीक्षक सुरेश कुमार सैनी, उप पुलिस अधीक्षक नरेंद्र कादियान, उप पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार व सभी थाना प्रबंधक, सीआईए प्रभारी व चौंकी इंचार्ज उपस्थित रहें। नए कानूनों की जानकारी लें अफसर-सिंह पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने कहा कि तीन नए कानून भारतीय न्याय सहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा सहिता 2023 व साक्ष्य अधिनियम 1 जुलाई 2024 से लागू हो रहे है। जो भारतीय दंड सहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) व भारतीय साक्ष्य अधिनियम का स्थान लेंगे। सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए नए कानूनों की जानकारी अनिवार्य है। सभी पुलिसकर्मी इनका गहनता से अध्ययन करें।

### असवा ने प्रोफेसर प्रीति जैन को कुवि विधि विभाग की चेयरपर्सन बनने पर दी बधाई

कुरुक्षेत्र। डॉ. बीआर अम्बेडकर स्टूडेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने प्रोफेसर प्रीति जैन को विधि विभाग, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की चेयरपर्सन बनने पर बधाई दी। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रामलाल सिरसल के नेतृत्व में प्रोफेसर प्रीति जैन को माता सावित्री बाई फुले एवं ज्योतिबा फूले का चित्र भेंट कर शुभकामनाएं देते हुए कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा का आभार जताया। असवा कुवि के चेयरमैन नरेंद्र कुमार ने असवा की तरफ से प्रोफेसर प्रीति जैन को विधि विभाग के अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति पर हार्दिक बधाई दी। एडवोकेट रमन साहु ने कहा कि प्रोफेसर प्रीति जैन कानूनी शिक्षा और अनुसंधान के प्रति अटूट समर्पण का प्रदर्शन करते हुए शैक्षणिक समुदाय की आधारशिला रही हैं। अध्यक्ष के रूप में उनकी नियुक्ति विभाग के भीतर उनके असाधारण योगदान और नेतृत्व का प्रमाण है। कानूनी सलाहकार एडवोकेट सागर ने उम्मीद जताई कि प्रोफेसर प्रीति जैन के मार्गदर्शन में विधि विभाग में शैक्षणिक उत्कृष्टता और नवाचार के एक नए युग की शुरूआत देखेंगे तथा उनकी दृष्टि और विशेषज्ञता से एक समृद्ध शिक्षण वातावरण को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, जो छात्रों और संकाय दोनों को समान रूप से प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि छात्र संघ प्रोफेसर को उनकी नई भूमिका में समर्थन देने के लिए तत्पर है। उन्हें विश्वास है कि उनका कार्यकाल कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विधि विभाग में महत्वपूर्ण प्रगति आएगी।

# पानीपत पुलिस ने नशा मुक्त पखवाड़े का शुभारंभ किया

- एसपी की जनता से नशे की लत से दूर रहने की अपील, नशा तस्करों पर सशक्त कार्रवाई कर रही है पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत पुलिस ने नशा मुक्त भारत पखवाड़े का शुभारंभ किया। वहीं अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को नशा न करने के प्रति प्रेरित करना और नशे के दुष्प्रभावों बारे में जानकारी देकर जागरूक करना है। इधर, पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने जिला में अभियान के सफल आयोजन के लिए उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय संदीप कुमार को नोडल अधिकारी नियुक्त करने के साथ ही सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों, थाना प्रबंधक व चौकी इंचार्जों को विशेष दिशा निर्देश दिए है। वही, बुधवार को जिला पुलिस की टीमों ने बस स्टैंड व टैक्सी स्टैंड पर आमजन को नशे के दुष्परिणामों के बारे जानकारी देकर जागरूक किया। पुलिस की विभिन्न टीमों ने लोगों को नशा ना करने, इससे होने वाले कुप्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# गर्मी से जनता से लेकर जानवर तक बेहाल

- धूप व लू के थपेड़ों से बचने के लिए लोगों को मुंह पर कपड़ा बाधंना पड़ रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत में लू के थपेडों से बचाव करती हुई नारी शक्ति। फोटो :हरिभूमि

प्रचंड गर्मी और लू ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है। बुधवार की सुबह 10 बजे से शाम तक लू चलने से लोगों का सड़कों पर निकलना मुश्किल हो गया है। धूप व लू के थपेड़ों से बचने के लिए लोगों को मुंह पर कपड़ा बाधंना पड़ रहा है। नौतपा भले ही खत्म हो गया हो लेकिन उसके बाद भी लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिली है। चिलचिलाती धूप और गर्म हवाओं ने लोगों का बाहर निकलना दुश्वार कर दिया है। आसमान से बरसती आग के बीच दोपहर होते-होते सड़कों पर सन्नाटा पसर रहा है। दूसरी ओर, गर्मी व लू का असर पशुओं पर भी दिख रहा है। अत्यधिक गर्मी से पशु तनावग्रस्त हो रहे हैं। वही, भीषण गर्मी व लू से लोगों को 15 जून तक राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। तीन दिन जबदस्त लू चलेगी। तापमान 45 डिग्री के पार पहुंचने की संभावना है। मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। हालांकि 15 जून शनिवार से चार दिन तक तेज हवाओं के साथ छिटपूट बूंदाबांदी के आसार बने हैं लेकिन इसका अधिकतम या न्यूनतम तापमान पर ज्यादा असर नहीं पड़ेगा। अधिकारियों का कहना है कि तीन दिनों तक तेज गर्म हवा चलेंगी और हवा की गति भी 20 से 25 किलोमीटर प्रति घंटा की रहेगी। दूसरी ओर, मौसम विभाग के अनुसार वर्तमान परिदृश्य में एक बार फिर से सिंध बलुचिस्तान और थार मरुस्थल से सीधी पश्चिमी शुष्क गर्म हवाओं का रुख हरियाणा, एनसीआर, दिल्ली पर हो गया है। साथ ही साथ सुबह से शाम तक सूर्य की आग उगलने वाली किरण भी अपने रंग दिखा रही है। साथ ही कोई मौसम प्रणाली भी सक्रिय नहीं हो रही है। केवल एक अति कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने का असर केवल पर्वतीय क्षेत्रों तक सीमित है, जिसकी वजह से कहीं कहीं छिटपुट बादलवाही भी देखने को मिल रही है। आने वाले पांच दिनों तक हरियाणा, एनसीआर, दिल्ली में दिन और रात के तापमान में और अधिक बढ़ोतरी देखने को मिलेगी तथा गर्मी और लूं अपने तेवरों को और प्रचंड बनाएगी।



पानीपत। विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर हुमाना पीपल के स्वयं सेवी, जनता को बाल श्रम के विरुद्ध जागरूक करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### सामाजिक प्रयास से खत्म होगा बाल श्रम : लता

**पानीपत।** अंतरराष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के उपलक्ष्य में हुमाना पीपल टू पीपल इंडिया एक्शन अगेंस्ट चाइल्ड लेबर प्रोजेक्ट द्वारा वाधावाराम कॉलोनी के सामुदायिक भवन में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मेयर अवनीत कौर, नेशनल प्रोग्राम मैनेजर सूर्य प्रकाश वर्मा, डीसीपीयू जिला बाल संरक्षण अधिकारी निधि गुप्ता, जिला बाल कल्याण समिति सदस्य शिवकुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से एडवोकेट सुमन लता उपस्थित रहें। इसके साथ ही वार्ड पार्षद अनिल बजाज, डीसीपीयू से ज्योति, समाजसेवी उमन पाल, विद्यालय शिक्षक, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, आंगनवाड़ी सुपरवाइजर, कार्यकर्ता, बाल अधिकार सुरक्षा समिति के सभी सदस्य, अभिभावक, संभावना स्कूल के बच्चे, शिक्षक सभी उपस्थित रहे। इधर, कार्यक्रम के दौरान बस्ता मारडी के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया एवं बाल श्रम निषेध दिवस के विषय में विस्तृत जानकारी दी। वही, बच्चों द्वारा बाल श्रम निषेध विषय पर एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया जिसके माध्यम से बच्चों ने बाल श्रम से संबंधित बाल तस्करी, भिक्षावृत्ति, दुकानों, फैक्ट्रियों एवं घरों पर हो रहे बाल श्रम के बारे में बताया। जबकि सुमन लता ने बताया कि बाल श्रम मुक्त क्षेत्र बनाने के लिए हम सभी को जिम्मेदारी लेनी पड़ेगी।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**
श्री साहिल बरेजा पुत्र लेट श्री हंसराज बरेजा निवासी मकान नम्बर 877, सैक्टर 11, हुडा, तहसील व जिला पानीपत।

**बनाम**

जनरल पब्लिक
इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी श्री साहिल बरेजा पुत्र लेट श्री हंसराज बरेजा निवासी मकान नम्बर 877, सैक्टर 11, हुडा, तहसील व जिला पानीपत का स्थाई निवासी है। यह कि प्राथी के पिता लेट श्री हंसराज बरेजा पुत्र लेट श्री केशव राम बरेजा की मृत्यु दिनांक 04/08/2019 को हो चुकी है। यह कि प्राथी की माता लेट श्रीमति आशा रानी पत्नी लेट श्री हंसराज बरेजा की मृत्यु दिनांक 26/08/2021 को हो चुकी है। यह कि प्राथी की दादी लेट श्रीमति रामप्यारी पत्नी लेट श्री केशव राम बरेजा की मृत्यु को काफी अरसे पहले हो चुकी है। यह कि लेट श्री हंसराज बरेजा पुत्र लेट श्री केशव राम बरेजा की मृत्यु उपरान्त केवल दो वारिस है:- 1. नैना पुत्री 2. साहिल बरेजा पुत्र लेट श्री हंसराज बरेजा पुत्र लेट श्री केशव राम बरेजा है। इसके अलावा अन्य कोई वारिस व हकदार नहीं है। लेखराज पटवारी तथा चंचल सहगल, नगर निगम पार्षद वार्ड नम्बर ६ द्वारा भी अपनी रिपोंट में इन्ही वारसन की तसदीक की गई है। इसके इलावा अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध में माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस / उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं /अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।
यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 7-6-2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।
**तहसीलदार-कम- सब रजिस्ट्रार, पानीपत ।**

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**
नरेन्द्र कुमार पुत्र श्री दिवान चन्द निवासी मकान नम्बर 544/7, अमर भवन चौक, तहसील व जिला पानीपत।

**बनाम**

जनरल पब्लिक
इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि नरेन्द्र कुमार पुत्र श्री दिवान चन्द निवासी मकान नम्बर 544/7, अमर भवन चौक, तहसील व जिला पानीपत ने दस्तावेज पंजीकृत हेतू इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पिता श्री दिवान चन्द पुत्र श्री थारू राम की मृत्यु दिनांक 12/10/2006 को हो चुकी है व प्रार्थी की दादी की मृत्यु काफी अरसे पहले हो चुकी है व प्रार्थी की माता श्रीमती सनो देवी धर्मपत्नी श्री दिवान चन्द की मृत्यु दिनांक 16/02/2024 को हो चुकी है। यह कि इनकी की मृत्यु उपरान्त दिवान चन्द पुत्र श्री थारू राम के निम्न वारिस हैं इस प्रकार है:- 1. जगदीश लाल पुत्र, 2. नरेन्द्र कुमार पुत्र 3. नन्द किशोर पुत्र 4. लीला धर अरोड़ा पुत्र 5. ललिता पुत्री 6. संतोष मलिक पुत्री 7. कंचन पुत्री स्व. श्री दिवान चन्द पुत्र श्री थारू राम हैं। इनके इलावा अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है, जिसके संबंध में माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस / उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर स्कता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा। यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 12-6-2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।
**तहसीलदार-कम- सब रजिस्ट्रार, पानीपत ।**

